<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

महामारी उपरान्त कौशल और रवैया विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित

पंतनगर। 24 फरवरी 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा 'महामारी के बाद की दुनिया के लिए कौशल और रवैया'षविषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। फ्लाईहाई के संस्थापक, डा प्रतिमा खंडेलवाल ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

डा. प्रतिमा खंडेलवाल ने छात्राओं को कौशलों और दृष्टिकोणों के बारे में मंनोरजंक तरीके से अवगत कराया। उन्होंने अपने दृष्टिकोण को सदैव सकारात्मक रखने को कहा। डा प्रतिमा ने समय के साथ पढ़ाई में आ रहे बदलाव के बारे मे भी विद्यार्थियों के साथ विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में एक दिलचस्प प्रश्नावली खेल खेला गया, जिसमें घटनाक्रम का पुनरीक्षण हुआ और आखिर मैं निशा दानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगोष्ठी समाप्त हुई।

यह कार्यक्रम अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टाफ काउंसलर, श्री टी.ए. खस्तगीर एंव को–स्टाफ काउंसलर, डा शेफाली मैसी का अहम योगदान रहा।